## खबर संक्षेप

### 'माई की रसोई मैहर का गौरव है इसे रोकना समाज सेवा के विरुद्ध' : दरियानी



मैहर। भाजपा के वरिष्ठ नेता,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और वर्तमान संरक्षक महेश दरियानी ने माई की रसाई का लेकर कहा कि यह हमारे मैहर का गौरव है और इसे रोकने की बातें समाज सेवा की भावना के विपरीत हैं।बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन एवं रुकने की व्यवस्था की जाती है।

### राज्य सैनिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन 20 दिसंबर तक

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों की पढाई के छात्रवृत्ति हेतु राज्य सैनिक बोर्ड भोपाल की बेवसाइट से आन लाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिनके द्वारा अभी तक फार्म नहीं भरे गये हैं या केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की बेवसाइट में छात्रवृत्ति हेतु 20 दिसम्बर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

### युवती से अभद्रता करने पर मामला दर्ज

**कटनी।** खेत में काम करने के लिए पहुंची एक युवती के साथ युवक ने अभद्र व्यवहार किया। युवती ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 74, 75(1), 296(बी) व 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 28 वर्षीय प्रार्थिया ने शिकायत में बताया कि 26 नवंबर को दोपहर लगभग 3 बजे अपने पति और पिता द्वारा किराए पर लिए गए खेत में कार्य से पहुँची थीं। उसी दौरान उनकी मुलाकात बब्बी चौरसिया से हुई। जब खेत के गेट की चाबी मांगी तो युवक ने उन्हें अपने घर चलने का दबाव बनाया। आरोप है कि युवक ने बुरी नीयत से हाथ पकड़ा। विरोध करने पर गाली-गलौज भी की। घटना के दौरान फरियादी के के पिता और भतीजे वहाँ पहुँच गए। शिकायत में बताया गया है कि उनके पहुँचने पर भी आरोपी ने झगड़ा किया। उसी समय मौके से गुजर रहे अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए वहाँ से चला गया। घटना के बाद प्रार्थिया अपने परिजनों के साथ थाना पहुँचीं और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश और जांच शुरू कर दी है।

### आटो चालक ने दिखाई ईमानदारी, छूटा बैग युवक को वापस लौटाया

**कटनी।** एक युवक को बैग आटो में छूट गया जिसमें लैपटाप सहित मोबाइल व रूपए रखे थे। आटो चालक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए थाना पहुंचा, इसी बीच युवक भी थाना पहुंच गया। पुलिस ने युवक को उसका बैग वापस लौटाया एवं आटो चालक की ईमानदारी की प्रशंसा की। मामला रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक अंकित वासनिक रीठी से सवारी छोड़कर कटनी के भट्टा मोहल्ला स्थित अपने घर लौटे थे। ऑटो पार्क करते समय उन्हें पीछे की सीट पर रखा एक काले रंग का बैग दिखाई दिया। बैग देखते ही उन्हें याद आया कि यह रीठी जाने वाले युवक का है। अंकित तुरंत रंगनाथ नगर थाना पहुंचा और बैग को थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी ने बैग मालिक से संपर्क साधने की कोशिश शुरू कर दी। करीब रात 11 बजे बैग के मालिक आकाश निगम 26 निवासी रीठी थाने पहुंचे। बैग सुरक्षित देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आकाश ने बताया कि वे मंगलवार शाम साउथ रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और रीठी जाने के लिए ऑटो लिया था, लेकिन पहुंचने पर बैग वहीं छूट गया था। पुलिस की मौजूदगी में जब बैग खोला गया तो उसमें मौजूद लैपटॉप, मोबाइल, पर्स, नगदी और अन्य सामान बिल्कुल सुरक्षित मिला। कोई भी सामान गायब नहीं था।

### कान्हा, न्यू कान्हा और आनंद आदित्य ज्वेलर्स में स्टेट जीएसटी-एईबी की दबिश

# तीन बड़े ज्वेलर्स पर जीएसटी विभाग की बड़ी कार्यवाही

सतना।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हनुमान चौक क्षेत्र में स्थित प्रमुख आभूषण की दुकानों पर आज स्टेट जीएसटी के एंटी-इवेज़न ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्यवाही शुरू की है। एईबी की यह कार्यवाही शहर के तीन प्रतिष्ठित ज्वेलरी स्टोर्स को निशाना बना रही है,जिसमें कान्हा ज्वेलर्स,न्यू कान्हा ज्वेलर्स और आनंद आदित्य ज्वेलर्स बताया जा रहा है कि कान्हा ज्वेलर्स और न्यू कान्हा ज्वेलर्स की दुकानें आमने-सामने स्थित हैं और ये उस मोड़ के पास हैं जहाँ से फूलचंद्र की ओर मुड़ते हैं। जीएसटी विभाग की टीम द्वारा तीनों दुकानों में दस्तावेज और स्टॉक की जाँच की जा रही है। विभाग की यह अचानक की गई दबिश कर चोरी से संबंधित आशंकाओं के चलते की गई है। कार्यवाही अभी भी जारी है,और विस्तृत जानकारी का इंतजार है।







# तेज रफ़्तार क्रेटा कार से गोमती टकराई, दुर्घटना के बाद खुला अवैध शराब तस्करी का राज़





**सतना।** ज़िले के सभापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे के बाद अवैध शराब तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। तेज रफ़्तार क्रेटा कार के सड़क किनारे बनी एक गोमती (दुकान) से टकराने पर,मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने कार के अंदर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की।

### बिरसिंहपुर के सेमरिया मोड़ पर हादसा

यह घटना बिरसिंहपुर के सेमरिया मोड़ की है। जानकारी के अनुसार,क्रेटा कार में 13 पेटी अवैध शराब भरी थी,जिसे रीवा ज़िले के सेमरिया क्षेत्र की ओर ले जाया जा रहा था। टक्कर की ज़ोरदार आवाज़ सुनकर स्थानीय ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। जब उन्होंने कार के अंदर देखा,तो शराब की पेटियाँ देखकर वे हैरान रह गए और उन्हें अवैध तस्करी का शक हुआ।

### एक तस्कर पकड़ा गया,दूसरा फ़रार

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए हादसे के बाद कार में बैठे एक युवक,जिसकी पहचान अर्जुन तिवारी के रूप में हुई है,को मौक़े पर ही पकड़ लिया। हालाँकि,उसका दूसरा साथी,संजय चौबे,अंधेरे का फायदा उठाकर फ़रार होने में सफल रहा।ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना सभापुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौक़े पर पहुँची और कार,अवैध शराब की खेप,और हिरासत में लिए गए आरोपी अर्जुन तिवारी को थाने ले गई। गनीमत रही कि इस हादसे में दोनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें नहीं आईं।

### पुलिस कर रही नेटवर्क की जाँच

पुलिस ने फरार आरोपी संजय चौबे की तलाश तेज़ कर दी है। पुलिस इस पूरे तस्करी नेटवर्क की गहराई से जाँच कर रही है ताकि पता चल सके कि यह अवैध शराब कहाँ से लाई गई थी और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। मामले की विस्तृत जाँच अभी जारी है।

# पोइंधा तालाब में ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत डूबे चालक नन्हू का शव घंटों की मशक्कत के बाद बरामद

**सतना।** कोलगवां थाना अंतर्गत बाबूपुर चौकी क्षेत्र के पोइंधा गांव में शुक्रवार दोपहर हुए एक दर्दनाक हादसे में लापता ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक नन्हू सिंह पिता श्याम नारायण सिंह,उम्र लगभग 32वर्ष,निवासी पोइंधा का शव बरामद कर लिया गया है। नन्हू सिंह की ट्रैक्टर-ट्रॉली शुक्रवार दोपहर को अनियंत्रित होकर पोइंधा गांव के तालाब में जा गिरी थी। इस हादसे के बाद से चालक लापता था,जिसका शव अब मिल गया है। इससे कुछ देर पहले ही तालाब से डूबी हुई ट्रैक्टर और ट्रॉली को बाहर निकाला गया था।



### कैसे हुआ हादसा और कैसे चला सर्च ऑपरेशन?

ग्रामीणों ने दोपहर में तालाब के किनारे वाहन के उतरने के गहरे निशान देखे,जिसके बाद उन्होंने तत्काल बाबूपुर चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की। हालांकि,पानी की अत्यधिक गहराई,कीचड़ और तालाब के तल में जमा गाद (सिल्ट) के कारण शुरुआती खोजबीन में भारी कठिनाई आई। कुछ देर बाद पुलिस ने एक क्रेन मंगवाई,जिसकी सहायता से डूबी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली को तालाब से बाहर निकाला गया।

### एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई

चालक को खोजने के लिए एसडीआरएफ राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की विशेषज्ञ टीम को भी मौके पर बुलाया गया।करीब दो घंटे से अधिक समय तक चले संयुक्त सर्च ऑपरेशन के बाद चालक नन्हू सिंह का शव भी बरामद कर लिया गया। परिजनों ने बताया कि नन्हू सुबह वाहन लेकर खेत के लिए घर से निकले थे। इस दुखद घटना के बाद नन्हू सिंह के परिजनों और पूरे गांव में शोक की लहर है।

पुलिस फिलहाल घटना के संभावित कारणों पर कोई टिप्पणी करने से बच रहीहै और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# एकेएस यूनिवर्सिटी के लाइफ़ साइंस फैकल्टी में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन

सतना।

एकेएस विश्वविद्यालय की लाइफ़ साइंस फैकल्टी के जैव-प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित फ्रेशर्स पार्टी शनिवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कुलगुरु प्रो.बी.ए.चोपड़े, डीन प्रो.कमलेश चौरे,विभागाध्यक्ष प्रो.अश्विनी वाऊ,फैकल्टी एडवाइज़र डॉ.जी.पी.रिछारिया तथा आईकेएस समन्वयक प्रो.आर.एल.एस.सिकरवार ने की। समारोह में कुलगुरु प्रो.चोपड़े सहित वरिष्ठ शिक्षाविदों- डॉ.आर.एल.एस.सिकरवार,डॉ.जी.पी.रिछारिया,प्रो वाइस चांसलर (डेवलपमेंट) डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव,इंजीनियरिंग प्रशासन प्रमुख इंजीनियर आर.के.श्रीवास्तव,डीन विधि संकाय डॉ. सुधीर जैन,डॉ.सूर्यनाथ सिंह गहरवार और डॉ.एल.एन.शर्मा- ने उपस्थित होकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता,अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया। फ्रेशर्स पार्टी का संयोजन लाइफ़ साइंस क्लब के समन्वयक प्रो.दीपक मिश्रा और सहायक प्राध्यापक डॉ.विवेक कुमार अग्निहोत्री ने किया,जबकि मंच संचालन बी.टेक. बायोटेक पाँचवें सेमेस्टर की छात्राएँ नैंसी सोनी और आस्था सिंह ने संभाला। जैव-प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. कमलेश सोनी,डॉ.मोनिका सोनी,डॉ.कीर्ति समदरिया,परमार केसरी नंदन,धीरेन्द्र मिश्रा,शैली मिश्रा, पारस कोशे,प्रतिमा मिश्रा,सौरभ सिंह गौर,शिल्पी सिंह,नितिन सिंह परिहार,कीर्ति सिंह,यशस्वी श्रीवास्तव और अरविंद कुमार तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग से डॉ.प्रभात सिंह चौहान और डॉ.सुमन पटेल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वैष्णवी उपाध्याय,प्राची मिश्रा,अपूर्वा तिवारी,अभ्युदय सिंह परिहार,निलेश सोनी,गौरी दत्त गौतम,शिवांक सोनी,दिशिका सेन, आर्या सिंह बघेल और एकेएस प्रोडक्शन टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह के अंत में फ्रेशर्स प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। बीटेक बायोटेक वर्ग में शिवम और शुभी को मिस्टर एवं मिस पार्टी तथा शिवम पटेल और हिमांशी सोनी को मिस्टर एवं मिस फ्रेशर चुना गया। बीएससी बायोटेक में अजीत और नेहल,एमएससी बायोटेक में धीरज और शताक्षी व एमएससी माइक्रो बायोलॉजी में अंशिका राय को मिस फ्रेशर सम्मान प्राप्त हुआ। पर्यावरण विज्ञान डिप्लोमा में अतुल पटेल और चाहत मिश्रा तथा एमटेक बायोटेक में नेहा पटेल को मिस फ्रेशर घोषित किया गया। सभी विजेताओं को फैकल्टी सदस्यों द्वारा शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने 90 के दशक के गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं,वहीं वेस्टर्न-बॉलीवुड थीम आधारित डांस व फैशन रैंप वॉक ने दर्शकों को आकर्षित किया।विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने आयोजन को और अधिक जीवंत और उत्साहपूर्ण बनाया।



### आईएएस वर्मा की 'कुंठित मानसिकता' से आक्रोश हर जाति-धर्म की बेटियां सम्मान के योग्य : पाण्डेय



**मैहर।** एक ब्राह्मण बेटी के प्रति आईएएस वर्मा द्वारा दूषित मानसिकता का परिचय देते हुए 'कुंठा भरे शब्दों' का इस्तेमाल करने और अपमान करने पर आक्रोश व्यक्त किया गया है। माई की रसोई के संचालक धीरज पाण्डेय ने इसे 'बेहद निंदनीय' बताते हुए कहा कि वरिष्ठ पद पर होने के बावजूद यह ओछी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कन्या पूजन की परंपरा है और नारी को माँ,बहन,बेटी के रूप में सम्मान दिया जाता है। श्री पाण्डेय ने आईएएस वर्मा जैसे लोगों का पुरजोर विरोध करते हुए सख्त कार्यवाही की मांग की और कहा कि ऐसे लोग समाज को बाँटने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कार्यवाही नहीं हुई तो उनके बयानों के विरोध में मैहर की धरती से बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

# किसानों का जीवनस्तर बेहतर बनाने के लिए सरकार संकल्पित है: विधायक

**मैहर।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने शुक्रवार को स्थानीय कचहरी प्रांगण में आयोजित आत्मा परियोजना की कृषक संगोष्ठी में कहाकि प्रदेश की भाजपा सरकार अन्नदाता किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी आधारभूत संरचना कृषि पर आधारित है और किसानों का जीवनस्तर बेहतर हो,इसके लिए सरकार संकल्पित है। विधायक ने कहा कि रासायनिक खेती से किसान अनेक बीमारियों से जूझ रहे हैं,जिसका मुख्य कारण दूषित खाद्य सामग्री है। उन्होंने संगोष्ठी में उपस्थित किसानों से जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया,जिससे वे केमिकल युक्त पदार्थों से मुक्त होकर स्वस्थ रह सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी,जयंती महेश तिवारी और कृषि विभाग के अधिकारियों ने माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रितेंद्र बागरी व अन्य अधिकारियों द्वारा किसानों को मसूर के उन्नत बीज वितरित किए गए और उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया।




## बीमित किसानों की सूची एवं ऋण खाता उपलब्ध नहीं होने से बीमा क्लेम लंबित

**सतना।** *मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सतना ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ वर्ष 2015 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सतना में सीबीएस सिस्टम लागू नहीं होने से बीमा प्रीमियम राशि बीमा कंपनी को ऑफलाइन शाखा अमरपाटन से पटवारी हल्कावार प्राप्त घोषणा पत्र जिसमें केवल कुल किसान संख्या,बीमित रकवा,बीमित राशि एवं बीमित प्रीमियम राशि प्राप्त कर बैंक मुख्यालय द्वारा डीडी के माध्यम से राशि प्रेषित की गई थी। उक्त सीजन का बीमा क्लेम बीमा कंपनी द्वारा बैंक को वर्ष 2016-17 में राशि रुपए 6.29 करोड़ प्राप्त हुआ था,जिसे बैंक मुख्यालय द्वारा शाखा अमरपाटन में संचालित समिति के खाते में जमा कराया गया था। उक्त अवधि में समिति के प्रबंधक के विरुद्ध फर्जी ऋण वितरण एवं गवन की जांच चालू होने से समिति प्रबंधक द्वारा बीमित किसानों की सूची एवं ऋण खाता शाखा को उपलब्ध नहीं कराने से बीमा क्लेम राशि का समायोजन लाभान्वित किसानों के ऋण खाते में समायोजन नहीं हो सका था। जांच उपरांत तत्कालीन शाखा प्रबंधक एवं समिति प्रबंधक के विरुद्ध राशि रुपए 48.78 करोड़ गवन एवं अनियमितता का पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया था। जिसका प्रकरण वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है और समिति के पास उक्त अवधि के कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं होने से लाभान्वित किसानों की सही पहचान नहीं हो पा रही है। जिससे उक्त बीमा क्लेम राशि किसानों के समिति स्तर पर ऋण खाते में समायोजन नहीं हो पा रहा है।*

### सतना एवं मैहर जिले में नरवाई जलाने की 944 घटनायें सैटेलाइट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 2500 रूपये प्रति घटना,दो एकड़ से अधिक पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 5000 रूपये प्रति घटना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 15000 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति देय होगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के समस्त अनुविभागों में 26 नवम्बर 2025 तक 944 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें रघुराजनगर में 62,कोठी में 40,रामपुर बघेलान में 230,कोटर में 71,मझगवां में 11, बिरसिंहपुर में 47,नागौद में 166 तथा उचेहरा में 136 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 72,मैहर में 97 तथा रामनगर में 12 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है।

### अनुशासन और चुस्ती बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों की जनरल परेड



मैहर।

पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने और पुलिस जवानों की चुस्ती और स्फूर्ति को बरकरार रखने के लिए आज पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाईन में जवानों की जनरल परेड ली गई। परेड के निरीक्षण के दौरान,पुलिस अधीक्षक ने अच्छे टर्न आउट (वेशभूषा) वाले अधिकारी और कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के लिए कहा। परेड का संचालन सूबेदार नृपेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय,पुलिस लाइन,थाना यातायात और विभिन्न थाना-चौकी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### भूतपूर्व सैनिक पीपीओ में पत्नी तथा बच्चों का नाम जुड़वायें

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को सूचित किया गया है कि जिन भूतपूर्व सैनिकों की पत्नियों एवं बच्चों अथवा विधवाओं का नाम पीपीओ में अभी तक नहीं जुडा है। वे शीघ्र पीपीओ में नाम जुडवायें जिससे पारिवारिक पेंशन स्वीकृत कराने में परेशानी नहीं हो।

SRI
श्री रावतपुरा सरकार संस्कृत उ. मा. विद्यालय
श्रृंगारवन, चित्रकूट जिला-सतना (म.प्र.) 07670-265526, 786980

शिक्षक की आवश्यकता है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत इस विद्यालय में शिक्षक की आवश्यकता है।

| क्र. | विषय | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | संस्कृत शिक्षक | 01 |

शैक्षणिक योग्यता

राज्य सरकार/यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परम्परागत उपाधिधारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता।

मानदेय- रु.20,000/- प्रतिमाह

नोट :- अभ्यर्थी अपने जीवनवृत के साथ-साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र, पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 22-12-2025 सायं 05:00 बजे तक प्रेषित / प्रस्तुत कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

प्राचार्य
श्री रावतपुरा सरकार सं.उ.मा.श्रृंगारवन चित्रकूट म.प्र.
मो. नंबर 8717883051 ईमेल- sscechitrakoot@gmail.com

**खबर संक्षेप**

## गीता जयंती महोत्सव एक दिसम्बर को

**श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में होगा मुख्य कार्यक्रम**

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप इस वर्ष भी आगामी एक दिसम्बर को गीता जयंती महोत्सव का गरिमामय आयोजन किया जाएगा। साथ ही विविध गतिविधियों में जनसामान्य की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य कार्यक्रम श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में सुबह 9 बजे से आरंभ होगा। इसके अलावा सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त सीईओ एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि गीता जयंती के वृहद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में श्रीकृष्ण परम्परा के आचार्यों की सन्निधि में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जाएगा। श्रीकृष्ण से जुड़े विशेष स्थल के रूप में श्री जुगल किशोर मंदिर पन्ना में आयोजित कार्यक्रम को इस बार व्यापक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर श्रीकृष्ण चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

जिला मुख्यालय के कार्यक्रम में 1100 एवं विकासखंड स्तर पर 500-500 गीता पाठी उपस्थित रहेंगे। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संत एवं विद्वानजनों द्वारा गीता के महत्व और व्यवहारिक अनुप्रयोगों पर केन्द्रित व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं तथा स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों सहित अधिकाधिक जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## संविधान दिवस पर युवा सम्मान समारोह

**दमोह।** युवा अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के तत्वाधान में 26 नवंबर संविधान दिवस पर ग्राम बालाकोट में युवा सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें युवाओं को मैडल एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया मुख्य अतिथि मोहनीश राव युवा जिलाध्यक्ष रविदासिया धर्म संगठन दमोह के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुभम आनंद जी के द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गई एवं युवा ग्रामीण जिलाध्यक्ष रामशंकर बौद्ध जी ने आभार व्यक्त किया।

# आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर के गुस्साए लोगों ने तहसील कार्यालय और थाने में पहुंचकर दिया ज्ञापन

अजयगढ़



कृषि कल्याण विभाग में उप सचिव के पद में कार्यरत आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा बोलने पर मचे बवाल के बीच अजयगढ़ में भी गुस्सा आए लोगों ने तहसील कार्यालय अजयगढ़ में संतोष वर्मा मुरादाबाद के नारेबंदी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अजयगढ़ को सोपा और पुलिस थाने में भी जाकर के थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु आवेदन दिया अजयगढ़ तहसील के कई ग्रामीण अंचलों से आए हुए ब्राह्मण समाज की तथा अन्य समाजों के लोगों में संतोष वर्मा के विवादित बयान पर बहुत आक्रोश है मुख्यमंत्री डॉ मोहनलाल जी को संबोधित ज्ञापन में उल्लेख किया गया है की आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा जानबूझकर के एक जाति विशेष को अपमानित करने के लिए इस तरह का बयान दिया गया यह बयान संवैधानिक पद की मर्यादा का उल्लंघन और संविधान का भी उल्लंघन आईएएस अधिकारी द्वारा ली गई शपथ का भी उल्लंघन है ऐसे विवादित अधिकारियों को पद से बर्खास्त किया जाए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और जो पूर्व में उक्त अधिकारी द्वारा जलसा जी की गई थी न्यायालय को भी गुमराह किया गया था कई महिलाओं ने भी इस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत की थी उन सब की जांच की जाए और संपत्ति की भी जांच की जाए ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रदेश का माहौल बिगड़ने के लिए उक्त अधिकारी द्वारा इस तरह का बयान दिया गया है कई संगठन और कई व्यक्ति लगातार प्रदेश का माहौल बिगड़ने में लगी हुई है दो व्यक्तियों के आपसी विवाद को जातिगत स्वरूप देकर के लोगों को भड़काने का काम कर समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं ऐसे संगठनों पर भी रोक लगाई जाए सोशल मीडिया में सनातन हिंदू धर्म के देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र भाषा बोली जाती है महापुरुषों के खिलाफ बोला जाता है साधु संतों के खिलाफ बोला जाता है भगवान श्री रामचंद्र जी भगवान श्री कृष्ण जी के बारे में अपमानजनक भाषा बोली जाती है समाज में विवादित सभा सम्मेलन करने वाले संगठनों पर विवादित भाषण बाजी करने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगाए जाने की भी मांग ज्ञापन में की गई है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह तो एक छोटा सा प्रदर्शन है यदि उक्त अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की जाती जेल नहीं भेजा जाता पद से बर्खास्त नहीं किया जाता तो यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा बहन बेटियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ज्ञापन में गोपाल स्वरूप तिवारी प्रेम कुमार पांडे एडवोकेट राजकिशोर शुक्ला एडवोकेट राकेश गर्ग एडवोकेट रमेश शुक्ला भोला प्रसाद गौतम राम भवन मिश्रा मलखान सिंह ज्ञानेंद्र तिवारी रविंद्र तिवारी शीतल शुक्ला संतु मिश्रा उदयपुर अरविंद द्विवेदी शीतल शुक्ला रविंद्र सिंह रामकिशोर तिवारी महेंद्र मिश्रा सचिन पांडे कमलेश मिश्रा राकेश मिश्रा बलराम तिवारी संदीप कुमार तिवारी रामस्वरूप पांडे ज्ञानू त्रिपाठी बाबूलाल तिवारी पूर्व सरपंच महि लाल लोधी सरपंच उदय प्रताप सिंह सिंगरौल लखन लाल यादव परशुराम ब्रिगेड के अध्यक्ष अनिल मिश्रा महाराणा प्रताप स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह नारायणपुर भगवान श्री कृष्ण जनकल्याण मंच के अध्यक्ष आलोक पाठक विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष इंद्रपाल शुक्ला समाजसेवी प्रमोद तिवारी डॉ रमन शंकर द्विवेदी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी अशोक द्विवेदी महाराजा छत्रसाल आजाद मंच के अध्यक्ष देवी सिंह बुंदेला किसान कल्याण संघ के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी बैजनाथ यादव दयाराम पाल इंद्रपाल रजक राजेश कुशवाहा रामेश्वर प्रसाद खरे साहित्य सैकड़ो की तादाद में ब्राह्मण समाज की एवं अन्य समाजों के लोग उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर के नारेबाजी करते हुए बेटियों के अपमान पर अपना आक्रोश व्यक्त किया और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा की गिरफ्तारी की मांग की।

# पन्ना पुलिस द्वारा सलेहा थाना क्षेत्र में 1 अवैध देशी कट्टा एवं 1 जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र रखने वालों पर प्रभावी कार्रवाई के क्रम में थाना सलेहा पुलिस द्वारा आज एक बड़ी कार्यवाही करते हुये एक आरोपी को देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की गई। आज दिनांक 28.11.2025 को थाना सलेहा में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जैतीपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति कट्टा लिये घूम रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी सलेहा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान सगरादृजैतीपुरा रोड स्थित खदान के पास पहुँचकर देखा गया, जहाँ एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर संदेही को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में संदेही द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया पुलिस टीम द्वारा संदेही की तलाशी लिये जाने पर संदेही के जीन्स की दाहिनी जेब से एक 315 बोर का देशी लोहे का कट्टा तथा कोट की बाईं जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से अवैध शस्त्र व कारतूस विधिवत जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध थाना सलेहा में धारा 25/27 आर्म्स एक्टस का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का लोहे का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस कुल कीमती करीब 3,200 रूपये के जप्त किये गये हैं। गिरफ्तार आरोपी दृ मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी आशीष कुमार सिंह गोड़ उम्र 23 वर्ष निवासी जैतीपुरा थाना सलेहा जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह, प्रआर आदित्य कुशवाहा, आर. बबलू पटेल, आशीष बुनकर एवं प्रआर चालक अशोक चौरसिया का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# कस्तूरबा गांधी छात्रावास पन्ना में संस्था द्वारा बच्चों को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से कैंडल जलाकर बाल विवाह न करने की दिलाई गई शपथ





**पन्ना।** बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन संकल्प समाजसेवी संस्था ने कार्यक्रम कस्तूरबा गांधी छात्रावास पन्ना मैं संस्था द्वारा बच्चों को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से कैंडल जलाकर बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई स्कूलों, ग्रामीण समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और पूरे जिले में जगह-जगह बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित किए। पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित संकल्प समाजसेवी संस्था ने कहा कि वह सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। साथ ही सरकार के100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' जिसे बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है, इसमें स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, बैंक्वेट हाल, और बैंड वालों जैसे विवाह में सेवाएं और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने अपराध का अंत सुनिश्चित किया जा सके।

# जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर ने 100 महिलाओं को दिया नई उड़ान का अवसर, कौशल प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरण समारोह उत्कृष्टता के साथ सम्पन्न







**पन्ना।** जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय कदम उठाते हुए पुरैना व कमताना प्रशिक्षण केंद्रों की 100 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। लोक कल्याण भूमिका समिति के माध्यम से संचालित इस 6 माह के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की नई राह प्रदान की है। समारोह का शुभारंभ यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने महिलाओं के कौशल, मेहनत और भविष्य की संभावनाओं की सराहना की। समारोह के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं में उत्साह का संचार देखते ही बनता था। अपने हाथों में प्रमाण-पत्र लिए महिलाएं न केवल आत्मविश्वास से भरी नज़र आईं, बल्कि अपने कौशल को रोजगार के अवसरों में परिवर्तित करने के लिए भी तैयार दिखीं। कार्यक्रम ने यह साबित किया कि जब अवसर और मार्गदर्शन मिलता है, तो ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश कर सकती हैं। जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर की यह पहल समाज के कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर तैयार करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कार्यक्रम न सिर्फ महिलाओं की सफलता का उत्सव बना, बल्कि क्षेत्र में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव भी साबित हुआ।

**बाल विवाह की रोकथाम के लिए ली गई शपथ**

# पूरे देश में 100 दिवसीय अभियान 27 नवम्बर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है यह अभियान



**पन्ना।** बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 27 नवम्बर 2024 को की गयी थी। अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने के लिए पूरे देश में 100 दिवसीय अभियान 27 नवम्बर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चलाया जाना है। यह अभियान सेचुरेशन अप्रोच के साथ आयोजित किया जाना है, ताकि प्रत्येक चिन्हित संस्था, सामुदायिक स्थल तथा सेवा प्रदाता तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। गुरूवार को अभियान के शुभारंभ पर कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई। बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह, बाल विवाह की श्रेणी में आता है। ऐसे विवाह में शामिल सभी व्यक्ति अपराध की श्रेणी में आते हैं। बाल विवाह में शामिल परिवार वालों एवं समस्त सेवा प्रदाताओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 10 के तहत बाल विवाह का अनुष्ठान करने के लिए दण्ड का प्रावधान है।

# पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा थाना रैपुरा का किया गया औचक निरीक्षण

**रैपुरा थाना क्षेत्र स्थित खाद वितरण केन्द्र एवं धार्मिक आयोजन स्थल मे सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएजा**

**किसान एवं उपभोक्ता बिना किसी समस्या के सुचारू रूप से खाद प्राप्त कर सकें**

**18 पुराण यज्ञ एवं भागवत कथा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने के दिये निर्देष**





**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आज थाना रैपुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की, पुलिस अधीक्षक ने हवालात की सुरक्षा व्यवस्था, ताले-चाबी, ब्ब्ज्ट कैमरा एवं गार्ड व्यवस्था की जांच की साथ हि थाना रिकॉर्ड रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, दैनिक रोजनामचा, लंबित अपराधों के केस डायरी सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के संधारण की स्थिति की समीक्षा की। लंबित प्रकरणों में शीघ्र निकाल करने हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। थाना परिसर में मौजूद पुलिस कर्मचारियों की उपस्थिति गणना ली गई एवं प्रत्येक कर्मचारी से व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और कार्य बाधाओं को सुना, तथा उनके निराकरण हेतु आश्वासन दिया। साथ ही सभी कर्मचारियों को अनुशासन, समयपालन, संवेदनशील व्यवहार, तथा कर्तव्यपरायणता के साथ ड्यूटी करने के स्पष्ट निर्देश दिए। थाना प्रभारी एवं स्टाफ को परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं जनता के अनुकूल बनाए रखने के लिए कहा गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खाद वितरण केन्द्र भी पहुंचीं, जहाँ उन्होंनेकृ खाद वितरण व्यवस्था, सुरक्षा उपाय, भीड़ प्रबंधन को लेकर संपूर्ण स्थिति का जायजा लिया गया। थाना प्रभारी रैपुरा उपनिरीक्षक संतोष सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, ताकि किसान एवं उपभोक्ता बिना किसी समस्या के सुचारु रूप से खाद प्राप्त कर सकें। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक चमरैया धाम पहुँचीं, जहाँ आयोजित धार्मिक कार्यक्रम 18 महापुराण यज्ञ एवं भागवत कथा के दौरानकृ कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, मार्ग सुरक्षा इत्यादि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर धार्मिक प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने आयोजन समिति को आवश्यक सुझाव देते हुए स्थानीय पुलिस को सतर्क रहकर संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।



# जेके सीमेंट पन्ना ने आईटीआई परिसर में मेधावी छात्रों का किया सम्मान

## 10 टॉपर छात्रों को दिए प्राइम बुक टैबलेट, अभिभावकों के साथ बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी



**पन्ना।** जेके सीमेंट पन्ना सीएसआर द्वारा आईटीआई परिसर में वर्ष 2024-2025 के शैक्षणिक सत्र के 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अपने-अपने विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 10 मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा को सशक्त बनाते हुए डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने की उद्देश्यपूर्ण पहल के तहत सभी टॉपर छात्रों को प्राइम बुक टैबलेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनके अभिभावकों ने भी



इस सम्मान को अपने लिए गर्व का पल बताया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि के रूप में यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

**सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में -**

शा. उ.मा.वि. सिमरिया से रामलाल सेन (12वीं), सृष्टि वर्मा (10वीं), ओम खरे (10वीं); शा. उ.मा.वि. अमानगंज से श्रुति पाठक (12वीं), अंजली सिंह राजपूत (10वीं); शा. हाई स्कूल पुरैना से नीलांशु सिंह (10वीं); शा. उ.मा.वि. पगरा से विपिन विढुआ (12वीं), अंजली राजा (10वीं); शा. उ.मा.वि. कमताना से प्रेरणा प्यासी (12वीं), योगेन्द्र मिश्रा (10वीं) शामिल रहे। अतिथियों द्वारा इन सभी मेधावी बच्चों को प्राइम बुक टैबलेट भेंट किए गए, जिससे उनकी डिजिटल शिक्षा यात्रा और भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में छात्रों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति ने समारोह को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। सम्मान पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए और भविष्य में और अधिक मेहनत कर जिले का नाम रोशन करने का संकल्प व्यक्त किया। जेके सीमेंट पन्ना द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहित करने की यह पहल न केवल छात्रों के मनोबल को बढ़ाती है बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊँचाई देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध होती है।

## पवई में तीन दिवसीय जननायक, गोण्ड इतिहास की नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियां समारोह 4 दिसम्बर से

**पन्ना।** जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के निर्णयानुसार प्राचीन गोण्ड शासकों द्वारा स्थापित 52 गढ़ों में से 30 गढ़ों पर उनके ही चरित एवं ऐतिहासिक नायकों पर केन्द्रित तैयार नृत्य नाटिकाओं का प्रदर्शन कराया जाना है। इस क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से पन्ना जिले के पवई स्थित गढ़ में भी आगामी 4 से 6 दिसम्बर तक तीन दिवसीय जननायकरू गोण्ड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ऊषा परमार ने इस कार्यक्रम के जनपद मुख्यालय पवई में सफल आयोजन तथा अन्य आवश्यक प्रबंध के लिए जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संपर्क व समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम संपादित कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक एक दिसम्बर को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार, एक दिसम्बर को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री एवं समिति के सदस्य-सचिव संचित खेत्रपाल ने बैठक में सर्वसंबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# द्वारी पेट्रोल पंप के पास घायल अवस्था में मिला 35 वर्षीय युवक 108 एंबुलेंस स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र



**अमानगंज** द्वारी पेट्रोल पंप के पास राहगीरों की नज़र एक युवक पर पड़ी जो सड़क किनारे गंभीर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के स्टाफ मौके पर पहुंचे और घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले जाया गया।घायल युवक की पहचान अयोध्या (पिता– ईश्वर दीन पटेल), उम्र 35 वर्ष, निवासी हनुमतपुरा के रूप में हुई है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है, वहीं घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना गुरुवार और शुक्रवार की दरमियांनी रात्रि की है जहां कोई अज्ञात वाहन युवक को टक्कर मार गया है ग्रामीणों ने शुक्रवार की शाम 5:00 बजे बताया कि पन्ना मनगंज मुख्य सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### लाइन मेंटीनेंस के कारण 30 नवंबर को ढडारी, हमा एवं चंद्रपुरा क्षेत्रों में विद्युत प्रभाव अवरूद्ध रहेगा

**छतरपुर।** कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने विद्युत उपभोक्ताओ को सूचित करते हुए बताया कि वितरण केंद्र छतरपुर अंतर्गत 220 के.व्ही. उपकेंद्र में 63 एम.व्ही.ए परिणामित्र के रखरखाव हेतु 30 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 5 बजे तक प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा।
33 के.व्ही. गढ़ीमलहरा के उपकेन्द्र हमा अंतर्गत हमा, निवारी, खौंप, सरानी, कांटी, रक्शा पुरवा, चौकी पुरवा, मौरवा एवं ढडारी फीडर अंतर्गत ढडारी, ललौनी, परा, कतरवारा, पराचौकी, बूदौर, उदयनपुरवा, चौका, रसुइयाभाटन, बजरंगगढ, रमनपुरा एवं बसारी फीडर के उपकेन्द्र चंद्रपुरा अंतर्गत चंद्रपुरा, गठेवरा, बृजपुरा, सिमरिया, ओम साईं राम होटल स्टेशन रोड, गठेवरा इंजीनियरिंग कॉलेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बालाजी इंडस्ट्रीज एवं 33 के.व्ही. लाईन से संबंधित समस्त क्षेत्र में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। आवश्यकता अनुसार उक्त कार्य की समय अवधि घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है। बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल कर सकते हैं।

### 25 वर्ष पुराने मारपीट के मामले में फरार 10 हजार का इनामी गिरफ्तार



**छतरपुर।** न्याय पथ अभियान के तहत थाना कोतवाली के वर्ष 2001 के मारपीट के प्रकरण में फरार 10 हजार के इनामी आरोपी जंगली उर्फ चंद्रशेखर अहिरवार पिता भुमानीदीन अहिरवार निवासी हिनौता थाना लवकुशनगर, जिला छतरपुर को ग्राम रगौली अंतर्गत उत्तरप्रदेश राज्य की सीमा से गिरफ्तार किया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, चौकी प्रभारी पठा उप निरीक्षक श्याम बेन, पंकज, इंद्रेश, कमल की भूमिका रही। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों के निपटारे के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

### बिजली का तार ठीक करते समय शॉर्ट सर्किट में झुलसा युवक हाथ और चेहरा जला, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के मोरवा गांव में गुरुवार देर रात एक 32 वर्षीय युवक बिजली का तार ठीक करते समय शॉर्ट सर्किट की चपेट में आ गया। इससे उसके कपड़ों में आग लग गई और वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तत्काल प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां बर्न वार्ड में उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार युवक के दोनों हाथ और चेहरा लगभग 30 प्रतिशत तक जल चुके हैं, हालांकि उसकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है।
घटना में घायल हुआ निर्भय कुमार अहिरवार (32) दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है और खेतों की बुवाई के लिए गांव आया था। रात में बल्ब खराब होने पर वह घर में बिजली के तार सुधार रहा था, तभी अचानक लाइन फाल्ट होने से तेज करंट लगा और उसके कपड़ों में आग लग गई। पास मौजूद लोगों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाई और उसे अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित के छोटे भाई रोहित ने बताया कि वे सभी दिल्ली में मजदूरी करते हैं और कुछ दिनों के लिए गांव आए थे। तार ठीक करते समय शॉर्ट सर्किट हुआ और बड़े भाई निर्भय के हाथ व चेहरा झुलस गया। घटना की जानकारी मिलते ही गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

#### ब्राह्मण समाज ने थाने में दिया धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# आईएएस वर्मा के कथित बयान पर नौगांव में भारी आक्रोश

**नौगांव।** ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक बयान के विरोध में शुक्रवार को नौगांव में जोरदार प्रदर्शन हुआ। सुबह pwd कार्यालय परिसर स्थित माता मंदिर में बड़ी संख्या में समाजजन एकत्र हुए। विरोध सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह टिप्पणी केवल ब्राह्मण समाज नहीं, बल्कि हर बेटी की गरिमा का अपमान है और प्रशासनिक सेवा की नैतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। दुर्गा माता मंदिर से समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और समाज अध्यक्ष के नेतृत्व में एक सांकेतिक रैली निकाली गई। रैली एनएच 75 से गुजरते हुए तहसील कार्यालय के सामने से होकर एसडीएम कार्यालय पहुंची। रैली में मां बेटियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सहित जातीय तनाव फैलाने वालों पर कार्रवाई करो संतोष वर्मा को निष्कासित करो, मामला दर्ज करो जैसे नारे पूरे शहर में गूंजते रहे।एसडीएम कार्यालय पहुँचने पर अरुण चतुर्वेदी के नेतृत्व में महिला प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें उल्लेख किया गया कि भोपाल के अंबेडकर पार्क में आयोजित अजाक्स प्रांतीय



अधिवेशन में संतोष वर्मा ने कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे समाज में गहरी नाराजगी फैल गई। ज्ञापन में मांग की गई कि महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और सेवा अनुशासन का उल्लंघन करने पर वर्मा को तत्काल सेवा से मुक्त कर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।इसके उपरांत समाज का जत्था नौगांव थाना पहुँचा, जहाँ महिला मंडल के नेतृत्व में थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर संतोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। समाजजनों ने कहा कि ऐसे बयान न सिर्फ महिलाओं का अपमान करते हैं। बल्कि समाज में अनावश्यक जातीय तनाव भी पैदा करते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कानून सबके लिए समान है और किसी भी उच्चाधिकारी द्वारा अपमानजनक भाषा स्वीकार्य नहीं है।थाने में ज्ञापन देने के दौरान थाना प्रभारी बाल्मिक क्राइम मीटिंग में होने से समाजजन वहीं धरने पर बैठ गए और रामनाम का जाप शुरू कर दिया। जब थाना प्रभारी या एसडीओपी में से कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ, तो समाजजनों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। पुलिस ने जानकारी दी कि एसडीओपी अवकाश पर हैं और थाना प्रभारी छतरपुर मीटिंग में व्यस्त हैं। आश्वासन दिया गया कि शाम को समाज के पाँच प्रतिनिधियों से आवेदन लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।समाज ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को बड़ा स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन न राजनीतिक है न जातीय।

---

## ध्रुव प्रह्लाद चरित्र और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की नौगांव मेला ग्राउंड में भक्ति रस की वर्षा



**नौगांव।** उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान में चल रहे संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुक्रवार पूर्ण रूप से भक्ति उल्लास और दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। शाम होते ही पंडाल श्रद्धालुओं से भर उठा। राधे श्याम के भजनों की मधुर गूँज दीपों की दिव्य आभा और संकीर्तन की लहरियों ने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया।पूज्य ऋषि जी सरकार ने शुक्रवार की कथा में तीन महापावन प्रसंगध्रुव चरित्र पहलाद चरित्र और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अद्भुत और हृदयस्पर्शी वर्णन किया। कृष्ण जन्मोत्सव को शुक्रवार को भागवत दरबार विशेष और आकर्षक सजाया गया। कथा का प्रथम प्रसंग ध्रुव चरित्र रहा। पूज्य ऋषि जी सरकार ने बताया कि पाँच वर्ष की कोमल आयु में ध्रुव द्वारा किया गया कठोर तप यह सिद्ध करता है कि सच्ची भक्ति उम्र और परिस्थिति की सीमाओं से परे होती है। जैसे ही ध्रुव के वन में किए गए घोर तप का वर्णन हुआ कई श्रद्धालु भाव-विह्वल हो उठे।
कथाव्यास ने कहा दृढ़ता और भक्ति मिल जाएँ तो भगवान स्वयं प्रकट होते हैं। भगवान विष्णु के ध्रुव को ध्रुवलोक प्रदान करने के प्रसंग ने पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। दूसरा प्रसंग प्रह्लाद का रहा। ऋषि जी सरकार ने बताया कि प्रह्लाद का जीवन सिखाता है कि श्रद्धा अडिग हो तो कोई शक्ति उसे डिगा नहीं सकती।
हिरण्यकश्यपु द्वारा प्रह्लाद पर किए गए कठोर अत्याचार अग्नि विष तथा पर्वत से धक्का का प्रसंग सुनते समय पंडाल मौन हो गया।जैसे ही नरसिंह भगवान के प्रकट होने का वर्णन आया पूरा पंडाल नरसिंह भगवान की जय के जयघोष से गूंज उठा। कथा में जैसे ही मध्यरात्रि का समय आया, पंडाल की रोशनी मंद कर दी गई। घंटे-घड़ियाल की ध्वनि गूँजी और भजन मंडली ने नंद के आनंद भयो गाना शुरू किया। शिशु कृष्ण का झूला सजाया गया भक्तों ने पुष्पवर्षा की महिलाओं ने मंगलगीत गाए और बच्चों ने झूला झुलाकर जन्मोत्सव का आनंद लिया।कथा स्थल पर भक्ति और उल्लास का ऐसा प्रवाह उमड़ा जो लंबे समय तक स्मृतियों में अंकित रहेगा।ऋषि जी सरकार ने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहाध्रुव भक्ति का साहस देते हैं प्रह्लाद आस्था की दृढ़ता सिखाते हैं और श्रीकृष्ण जन्म प्रेम करुणा और आनंद का संदेश देता है। भगवान श्री कृष्णा के जन्मोत्सव में बधाइयां गाई समिति के सदस्य प्रीतम सिंह रानू राजा ने बताया कि शनिवार 29 नवंबर को कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाएँ गोवर्धन पूजातथा अन्य दिव्य लीलाओंका विस्तारपूर्वक और भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा।कथा सायं 5 बजे से हरि इच्छा तक चलेगी।

---

### मजदूरी के पैसे मांगने पर गाली-गलौज, कुल्हाड़ी से मारने का प्रयास

#### पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**हरपालपुर।** मजदूरी का बकाया मांगना एक मजदूर को इतना भारी पड़ा कि उस पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई। थाना हरपालपुर क्षेत्र के गलान गांव निवासी मजदूर कौशल अहिरवार ने अपनी सुरक्षा की चिंता को देखते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।
पीड़ित के अनुसार वह शटरिंग का काम करता है। उसने अपना शटरिंग का सामान मडोरी निवासी ठाकुरदास कुशवाहा को किराये पर दिया था। 43 दिनों का किराया 9,718 रुपये बना था, जिसमें से 3,000 रुपये फोन-पे के जरिए दिए जा चुके थे, जबकि 6,718 रुपये बाकी रह गए थे। कौशल का कहना है कि शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे जब वह शेष रकम लेने आरोपी के पास पहुंचा, तो ठाकुरदास ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि कुल्हाड़ी लेकर उस पर हमला करने का प्रयास भी किया। अचानक हुए हमले से घबराकर पीड़ित किसी तरह जान बचाकर सीधे थाना हरपालपुर पहुंचा। थाने पहुंचकर कौशल अहिरवार ने पूरी घटना का विवरण देते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई और बकाया रकम दिलाने तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

---

## जिला अधिवक्ता संघ की आम सभा में आय-व्यय पर चर्चा, जल्द होंगे चुनाव




**छतरपुर।** जिला अधिवक्ता संघ की आम सभा की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसमें संगठन के पिछले वर्षों के आय-व्यय के लेखा-जोखा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। चूंकि संघ के नए चुनाव 19 दिसम्बर को होंगे और 20 दिसम्बर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। ऐसे में पुराने पदाधिकारियों द्वारा किए गए आर्थिक कार्यों की समीक्षा तेज हो गई है। अधिवक्ता संजय खरे ने बताया कि पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और आमसभा में पिछले वर्षों के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कितना खर्च हुआ, किस मद में वैधानिक रूप से खर्च किया गया—सब दस्तावेज आमसभा में रखे जा रहे हैं। यदि कहीं किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्यवाही की जाएगी।
वहीं अधिवक्ता जे.के. आशु ने कहा कि बार संघ का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद अधिवक्ता चुनाव आयोग ने संघ का कार्यभार अपने हाथ में ले लिया है। उन्होंने बताया कि आयोग पूर्व अध्यक्ष और उनकी टीम के कार्यकाल में हुए पूरे आय-व्यय का विवरण एकत्र कर रहा है। मीटिंग में सभी अधिवक्ता मौजूद हैं और सभी बिंदुओं को स्पष्ट किया जा रहा है। यदि किसी अधिवक्ता को कोई आपत्ति है या किसी प्रकार की अनियमितता मिलती है तो चुनाव आयोग प्रस्ताव पारित कर आवश्यक कार्यवाही करेगा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों से पहले अधिवक्ता संघ की यह बैठक संगठन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

---

# मप्र के सबसे बड़े सीरियल किलर आदेश खामरा ने 8 साल पहले छतरपुर में भी की थी हत्या

### छतरपुर पुलिस ने किया खुलासा, ट्रांजिट रिमाण्ड पर लाया गया आरोपी

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत थाना मातगुंवा पुलिस ने 8 वर्ष पुराने हत्या, हत्या के प्रयास और लूट के प्रकरण में फरार चल रहे आदतन अपराधी आदेश खामरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी आदेश खामरा पिता गुलाब चंद्र खामरा निवासी खिरिया मोहल्ला, मंडीदीप जिला रायसेन, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक गंभीर मामलों में लिप्त है। हाल ही में वह भोपाल की सेंट्रल जेल में बंद था जिसे छतरपुर पुलिस ट्रांजिट रिमाण्ड पर लायी।
शुक्रवार को कंट्रोल रूम में खुलासा करते हुए पुलिस एसपी अगम जैन ने बताया कि थाना मातगुंवा क्षेत्र में वर्ष 2017 में फरियादी वसीम अहमद की रिपोर्ट पर ट्रक क्लीनर की हत्या, ड्राइवर की हत्या का प्रयास और लूट का प्रकरण दर्ज हुआ था। इस मामले में पूर्व में आरोपी तुकाराम निवासी महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि आदेश खामरा तब से फरार था। न्याय पथ अभियान के तहत सक्रियता बढ़ाने पर पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। छतरपुर पुलिस उसे भोपाल से ट्रांजिट रिमाण्ड पर छतरपुर लायी और छतरपुर



जिले के मातगुवां में हुई ट्रक क्लीनर की हत्या और ड्राईवर की हत्या का प्रयास मामले का खुलासा किया।
एसपी ने बताया कि आरोपी आदेश खामरा भोपाल, रायसेन, गुना, छतरपुर, भिंड, अशोकनगर सहित छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और बेमेतरा में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट और चोरी जैसे गंभीर अपराधों में वांछित रहा है। इस कार्रवाई में एसडीओपी बिजावर अजय रिठौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अंकुर चौबे, प्रधान आरक्षक राजेंद्र तिवारी, आरक्षक धर्मेंद्र पटेल सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### अभियान में अब तक 655 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

जिले में न्याय पथ अभियान के तहत विभिन्न थानों द्वारा वर्षों से लंबित मामलों में फरार आरोपियों की लगातार धरपकड़ की जा रही है। अब तक 655 से अधिक फरार और इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिन पर साढ़े 7 लाख रुपये से अधिक का पुरस्कार घोषित था।
आठ साल में 34 ट्रक ड्राइवरों का बेरहम क़त्ल करने वाला सीरियल किलर आदेश खामरा
नोटः इस समाचार के साथ फोटो 09 लगाएं।
आदेश खामरा नाम का यह दरिंदा करीब आठ वर्षों तक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में घूम-घूमकर ट्रक ड्राइवर और क्लीनरों की हत्या करता रहा। पकड़े जाने पर उसने 34 हत्याओं का जुर्म कबूल किया। पूछताछ में बोला ड्राइवर-क्लीनर की जिंदगी बहुत कष्टकारी होती है मैंने उन्हें मुक्ति दे दी। गरीबी, अपमान और पिता की मारपीट को अपने अपराधों की ढाल बनाता था।

#### ऐसे फंसाता था शिकार

गैंग के साथ ढाबों पर ड्राइवरों से दोस्ती करता
कोडवर्ड— भाई साहब कुछ मीठा तो खिला दो
मतलब— शिकार जाल में फंस गया
ट्रक में बैठकर मौका मिलते ही हत्या
लाश फेंककर माल ग्वालियर में और ट्रक यूपी-बिहार-नॉर्थ-ईस्ट में बेच देता

#### ऐसे खुला सीरियल किलर का राज

2018 में शक्कर से भरे एक ट्रक का जीपीएस लोकेशन कानपुर के पास संदिग्ध तरीके से बंद हुआ। जांच में जयकरण नाम का संदिग्ध पकड़ा गया और उसी की निशानदेही पर खामरा को सुल्तानपुर (उप्र) से गिरफ्तार किया गया। आदेश खामरा की गैंग में जयकरण, तुकाराम बंजारा, सुनील खटीक और बलजिंदर उर्फ साहब सिंह शामिल थे। मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने पर खामरा टूट गया और 34 हत्याओं का राज खोला। फिलहाल वह भोपाल सेंट्रल जेल में बंद है और उसके अपराधों की लंबी सूची को देखते हुए इसका शेष जीवन भी सलाखों के पीछे ही बीतेगा।

---

## पुलिस ने कार से गांजा लेकर जा रहे 2 तस्करों को किया गिरफ्तार




### 64 किलो से अधिक गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त अर्टिगा कार की जब्त

**छतरपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। छतरपुर पुलिस द्वारा विगत महीनों में एनडीपीएस में 92 प्रकरण एवं आबकारी में 2200 से अधिक प्रकरण दर्ज किये गए हैं।
शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अंतर्राज्जीय गांजा तस्कर गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि थाना ओरछा रोड पुलिस को विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान झांसी खजुराहो फोरलेन हाईवे में एक सफेद रंग की अर्टिगा कार से अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा धामची ब्रिज के पास घेराबंदी कर कार को रोककर विधिवत तलाशी ली गई, कार की डिग्गी के अंदर 62 पैकेट मात्रा 64 किलो से अधिक गांजा प्राप्त हुआ साथ ही दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। तस्करी में प्रयुक्त आर्टिका कार की कीमत करीब 24 लाख रुपए भी जब्त की गई।
एसपी ने बताया कि गांजा तस्कर शीतल प्रजापति पिता मूलचंद प्रजापति ग्राम खरेला महोबा उत्तर प्रदेश एवं राकेश प्रजापति पिता रामकिशन प्रजापति ग्राम लोदीपुर थाना बिंवार जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर थाना ओरछा रोड में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, थाना प्रभारी गढ़ी मलहरा निरीक्षक रीता सिंह थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, उप निरीक्षक शैलेंद्र चौरसिया, साइबर प्रभारी उप निरीक्षक नेहा गुर्जर, प्रधान आरक्षक महेंद्र यादव, राकेश, धनंजय, राहुल, भूपेंद्र अहिरवार, हितेंद्र दुबे, अरविंद कुशवाहा, आरक्षक भूपेंद्र यादव, भगवान दास, संग्राम सिंह, रविंद्र, सुरेंद्र तिवारी, अरविंद यादव, धर्मेंद्र, प्रशांत, हरिशरण एवं साइबर से विजय, धर्मराज, राजीव की भूमिका रही।

---

## कलेक्टर के निर्देशन में आबकारी विभाग की कार्यवाही



### लवकुशनगर अंतर्गत 20 लीटर कच्ची मदिरा और हाथभट्टी जब्त

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश में अवैध मदिरा के संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध अभियान के तहत छतरपुर जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में नवागत जिला आबकारी अधिकारी अमृता जैन के नेतृत्व में लगातार कार्यवाही करते हुए गुरुवार को आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त लवकुशनगर में मिली सूचना के आधार पर यूपी से सटे इलाकों में कार्यवाही करते हुए 20 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा एवं लगभग 5 बल्क ली. यू.पी. की देशी मसाला मदिरा जब्त की गई। एवं 200 कि.ग्रा महुआ लाहन मौके पर नष्ट कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जब्त मदिरा एवं लाहन का बाजार मूल्य लगभग 25 हजार रूपए आंका जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी अमृता जैन ने बताया की अवैध मदिरा के विरुद्ध इसी तरह कार्यवाही जारी रहेगी।

---

## एसपी द्वारा आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में की गई समीक्षा

**छतरपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा आयोजित बैठक में अपराधों की समीक्षा की गई। मीटिंग में जिले के समस्त थाने के गंभीर अपराध, महिला संबंधी अपराध, अपराध, मर्ग, शिकायत समाधान, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, ई साक्ष्य, ई विवेचना, ई समन वारंट तामीली एवं अन्य कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को लंबित शिकायतों , लंबित गंभीर व महिला संबंधी अपराधों के शीघ्रता से निकाल हेतु निर्देशित किया गया। मर्ग जांच में विलंब ना हो, निकाल करें।शीत ऋतु का समय आ गया है, संदिग्ध के मूवमेंट पर निगरानी रखें, नियमित रात्रि एवं प्रभात गश्त करें, भ्रमणशील रहे, साप्ताहिक हाट बाजार में भी तैनात एवं भ्रमणशील रहे। स्थिति के अनुसार आवश्यक प्रबंध करें, और सक्रिय रहें। क्षेत्र के गुंडा निगरानी हिस्ट्रीशीटर बदमाशों पर निगरानी रखकर नियंत्रण में रखें। शीत ऋतु के अनुसार थानों के हवालात में आवश्यक प्रबंध करें।सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारी को सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग, क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग, जिले के सभी होटल, ढाबा, बस स्टैंड,चौराहों, सार्वजनिक स्थलों में सघन चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। अनावश्यक घूम रहे अपराधिक प्रवृत्ति के लोग, अराजक तत्व एवं संदिग्ध के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। संवेदनशील स्थिति में पुलिस अधिकारी अलर्ट रहे, आवश्यक कार्यवाही तत्परता के साथ अनिवार्य है, देरी ना करें। गंभीर अपराधों में फरार आरोपी की गिरफ्तारी या दस्तयाबी हेतु अनुभाग एवं जिला स्तर पर टीम गठित कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। वाहन चेकिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए कि संदिग्ध, बिना नंबर वाहनों की सघनता से चेकिंग करें एवं आवश्यक कार्यवाही तथा उनके संबंध में जानकारी एकत्र करें। घुमंतू लोगों की चेकिंग, प्राइवेट क्लिनिक, प्राइवेट एंबुलेंस की चेकिंग, हॉस्टल, कोचिंग सेंटर में निरंतर भ्रमण तथा सूदखोरी, शेयर मार्केटिंग, कबाड़ की दुकानों इत्यादि चेकिंग के निर्देश दिए। शस्त्रों के संबंध में निर्देश दिए गए कि अवैध शस्त्र के विरुद्ध कार्यवाही जारी रखें। लाइसेंसी शस्त्र आत्मरक्षा के लिए होते हैं ना कि प्रदर्शन या हर्ष फायर के लिए, एवं जिसके नाम पर शस्त्र लाइसेंस है उनके अलावा कोई उपयोग में नहीं ला सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जिले में एक दिसम्बर को मनाया जायेगा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, एनसीसी ग्राउंड में होगा भव्य आयोजन

**रीवा** । गीता जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन रीवा, नगर निगम रीवा एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानाम् के सहयोग से एक दिसम्बर को एन.सी.सी. ग्राउंड रीवा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ किया जाएगा। इस सामूहिक पाठ में लगभग 5100 गीता प्रेमी एक साथ मंत्रोच्चार के साथ शामिल होंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमे विशेष थीम माधव दर्शन एवं गो और गोपाल में लघु चित्र शैलियों में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूप एवं भारतीय चित्रकला शैलियों में श्रीकृष्ण की विविध छवियां प्रदर्शित की जाएँगी। प्रशासन ने बताया कि यह महोत्सव अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञान के संगम का अनूठा अवसर होगा। कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की गई है।

### सराफा कारोबारी से लूट के आरोपी अब तक पुलिस की पहुंच से दूर, चिरहुला के पास नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को दिया था अंजाम

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरहुला मंदिर के पास करीब बीस दिन पूर्व सर्राफा कारोबारी से नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बोदाबाग से दुकान बंद कर घर जा रहे सर्राफा व्यापारी को रास्ते में रोक कर गले में धारदार हथियार बका रखकर आरोपियों ने आभूषण लूट लिए थे। घटना के करीब 20 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। घटना के संबंध में पीड़ित व्यापारी विनोद सोनी ने बताया कि बिछिया थाना क्षेत्र में 6 नवंबर को चिरहुला मंदिर के पास बाइक सवार नकाबपोश बदमाश गर्दन में धारदार हथियार नुमा बका रखकर चांदी की ज्वेलरी का बैग सहित दुकान और तिजोरी की चाबी व मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। बोदाबाग में स्थित श्री सुदर्शन ज्वेलर्स दुकान बंद कर वो अपने घर जा रहे थे। पीड़ित के मुताबिक जैसे ही वह चिरहुला मंदिर मोड़ पर पहुंचे, तभी बाइक सवार तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और छीना झपटी करते हुए उनका बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की मानें तो बैग में तकरीबन आधा किलो चांदी की बिछिया, दुकान और तिजोरी की चाबी सहित कीमती मोबाइल रखा हुआ था। मामले की शिकायत उसके द्वारा बिछिया थाने में दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले को जांच में लिया था, लेकिन अब तक आरोपी नहीं पकड़े गए हैं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

### अब तक 1273666 गणना पत्रक हुए डिजिटाइज्ड

**रीवा ।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में 28 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 1273666 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के मतदान केन्द्रों में बीएलओ तथा उनके सहायक पूरे उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। अब तक जिले में कुल 91.59 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 91.04 प्रतिशत, सेमरिया में 96.29 प्रतिशत, त्योंथर में 91.95 प्रतिशत, मनगवां में 88.41 प्रतिशत, रीवा में 86.57 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 95.41 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 204570, सेमरिया में 220156, त्योंथर में 203017, मनगवां में 222945, रीवा में 196500 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 226478 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। जिन मतदाताओं ने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं वे अपने गणना पत्रक तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं। समय पर गणना पत्रक न मिलने से मतदाता सत्यापन से वंचित रह जाएंगे। वर्ष 2003 के बाद मतदाता सूची में शामिल हुई विवाहित महिलाएं अपने पिता, माता तथा दादा-दादी के नाम एवं निवास स्थान की जानकारी तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं, जिससे सत्यापन किया जा सके।

# किसानों को कृषि व उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिये जागरूक करें - कलेक्टर

### बहुती पी.एच-2 क्लस्टर के 17 ग्रामों में पाइप नेटवर्क के माध्यम से होगी सिंचाईजिला स्तरीय क्रियान्वयन कमेटी की बैठक संपन्न



**रीवा** । जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रीवा जिले में पम्प हाउस एवं प्रेस राइज्ड पाइप सिंचाई नेटवर्क के माध्यम से 10 ग्राम पंचायतों के 17 ग्रामों में सिंचाई की सुविधा प्रदान की जायेगी। यह योजना बहुती पी.एच-2 क्लस्टर में 63.20 करोड़ रूपये की लागत से 3160 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मुहैया करायेगी। स्वीकृति राशि में से 60 प्रतिशत राशि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। परियोजना के तहत जिले के चयनित क्लस्टर के विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन, अनुश्रवण व समीक्षा के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सिंचाई क्षेत्र के किसानों को कृषि व उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिये विभागीय अधिकारी जागरूक करें तथा स्प्रकलर के माध्यम से सिंचाई कार्य के लिये प्रोत्साहित करें।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों को प्रशिक्षण देकर उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों व स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी सिंचाई सुविधा प्राप्त कर किसानों को उन्नत व अत्याधुनिक फसलों के लिये प्रोत्साहित करने के लिये सहभागी बनायें। बैठक में अधीक्षण यंत्री जल संसाधन विभाग मनोज तिवारी ने बताया कि इस योजना से धौखरी (299), धौखरी (300), गेरूई, कस्तरा, शुकुलगवां, किटहा, धौखरा (290), सहिजना, पतेरी (344), पतेरी (346), अमिलकी, बांसा, मडवा, गहिरा, टीकर, सुपिया तथा शिवपुर्वा ग्रामों के किसानों को पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी, सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी तथा सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्रिगेडियर पवन शर्मा ने किया ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक का निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के लिए दिए निर्देश



**रीवा** । ब्रिगेडियर पवन शर्मा, कमाण्डेन्ट मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर, ने सोमवार को ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक रीवा का सामायिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉलीक्लीनिक में हाल ही में किए गए सुधारात्मक कार्यों की सराहना की और पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पॉलीक्लीनिक के प्रभारी अधिकारी कर्नल ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने भविष्य में प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इनमें प्रमुख रूप से एक्स-रे मशीन का डिजिटाइजेशन, डेंटल चेयर का प्रतिस्थापन तथा पॉलीक्लीनिक भवन का विस्तार शामिल है। कर्नल सिंह ने इन कार्यों को शीघ्र स्वीकृति एवं क्रियान्वयन के लिए ब्रिगेडियर शर्मा से अनुरोध भी किया। अधिकारीगण ने बताया कि पूर्व सैनिकों को और अधिक प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने के लिए ट्रीटमेंट कक्ष का मॉडिफिकेशन किया जा रहा है, जिससे आवश्यक आधुनिक उपकरण उसी कक्ष में स्थापित किए जा सकें। निरीक्षण के बाद ब्रिगेडियर शर्मा अनुबंधित अस्पताल विहान भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं का जायज़ा लिया तथा वहाँ भर्ती ईसीएचएस के मरीजों से मुलाकात कर उपचार संबंधी फीडबैक प्राप्त किया।

### चित्रांश परिवार समिति का शपथ ग्रहण समारोह 30 नवंबर को रीवा और शहडोल संभाग के कायस्थ समाज के अध्यक्ष होंगे शामिल

**रीवा** । चित्रांश परिवार समिति के त्रिवार्षिक चुनाव में नई कार्यकारिणी के गठन का शपथ ग्रहण समारोह रीवा में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विंध्य क्षेत्र के कायस्थ समाज का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन माना जा रहा है, जिसमें रीवा, शहडोल एवं आस-पास के जिलों के सभी जिला अध्यक्ष एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। समारोह के बारे में जानकारी देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील खरे ने बताया कि समिति का लक्ष्य विंध्य के सभी जिलों के कायस्थ समाज को एक मंच पर लाकर आपसी सहयोग, सामाजिक एकता और संगठित विकास को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज को सामूहिक शक्ति के रूप में विकसित करने के लिए हम सब मिलकर कायस्थ जनगणना, व्यावसायिक उन्नति, तथा सामाजिक एकता की दिशा में ठोस पहल करेंगे। यह आयोजन विंध्य के सभी कायस्थ संगठनों का एक महत्त्वपूर्ण सम्मेलन है, जो समाज के प्राचीन वैभव को पुनः स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण लेने वाले अध्यक्ष सुशील खरे, उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ,राजेंद्र निगम सचिव कल्पना श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव , सहसचिव महेंद्र श्रीवास्तव एवं अंबर निगम होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल श्रीवास्तव,अध्यक्षता एडवोकेट सुरेश श्रीवास्तव,विशिष्ट अतिथिशैलेंद्र श्रीवास्तव डॉ. शैलवाला श्रीवास्तव एडवोकेट राकेश कुमार निगम कार्यक्रम में रीवा शहडोल संभाग के कायस्थ समाज के अध्यक्ष विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सुनील खरे, सोहनलाल खरे, आशुतोष श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, जे.पी. श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, सोहनलाल श्रीवास्तव, ओ.पी. खरे, सुनील निगम, आशीष खरे सहित विभिन्न जिलों के कायस्थ समाज के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।चित्रांश परिवार समिति ने रीवा के सभी कायस्थ बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण आयोजन में उपस्थित होकर समाज को सशक्त एवं संगठित बनाने में अपना योगदान दें।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ छात्राओं को सुरक्षा, विद्यालय में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, छात्राओं ने रचनात्मक प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा





**रीवा** । बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत संदीपनी सी.एम. राइज कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पाण्डेन टोला में वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा, कानूनी अधिकारों, आत्मनिर्भरता और सरकारी सहायता तंत्रों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें समाज में एक मजबूत नेतृत्वकर्ता बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं की उपस्थिति और विभागीय टीम के आगमन से हुई। प्राचार्य बी.पी. सिंह ने शिक्षा और सुरक्षा को समाज की प्रगति का केंद्र बताते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रथम चरण में छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिनमें निबंध लेखन महिला सशक्तिकरण-नया भारत , पोस्टर निर्माण बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी गतिविधियाँ शामिल थीं। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे पूरे विद्यालय में उत्साह का माहौल बन गया। कार्यक्रम के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा वन स्टॉप सेंटर "सखी" की टीम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में एक विस्तृत जागरूकता सत्र आयोजित किया। सत्र में छात्राओं को पांच प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को संकट, हिंसा, उत्पीड़न, बाल विवाह और घरेलू हिंसा में तत्काल व गोपनीय सहायता प्राप्त करने के लिए महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी दी गयी। बच्चों से जुड़े अपराध, उत्पीड़न और आपात स्थितियों में त्वरित सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया गया। इसी प्रकार बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के तहत कानूनी संरक्षण, आयु प्रमाण पत्र की महत्ता और शिकायत प्रक्रिया के संबंध में बाल विवाह निषेध एवं कानूनी संरक्षण से अवगत कराया गया। साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता के तहत सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार, ऑनलाइन ठगी से बचाव, पासवर्ड सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के उपाय संबंधी जानकारी दी गयी। छात्राओं को विपरीत परिस्थिति में विवेकपूर्ण निर्णय लेने और आत्मरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी के लिए आत्मरक्षा का महत्व बताया गया। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी प्रशासक श्रुति मिश्रा, रेनु गौतम, सलमा खान और श्री क्षितिज तिवारी की टीम ने इन सभी विषयों को सरल भाषा और वास्तविक उदाहरणों के साथ समझाया, जिससे छात्राओं का आत्मविश्वास और चेतना उल्लेखनीय रूप से बढ़ी। जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य बी.पी. सिंह, अध्यापक अश्विनी प्रताप सिंह, शिक्षिका विद्यावती और विभागीय स्टाफ ने छात्राओं को प्रेरक उद्बोधन दिए। वक्ताओं ने एकमत से कहा कि शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास ही महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की सबसे सशक्त ढाल है। उन्होंने छात्राओं से किसी भी प्रकार की समस्या या संदेहास्पद परिस्थिति में डरने के बजाय तत्काल सूचित करने और उपलब्ध सरकारी संसाधनों का उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन और विभागीय टीम ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के सिलसिलेवार आयोजन का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान सबकी बेटी-सबका गर्व, सुरक्षित बेटी-समृद्ध भारत संदेश गूंजता रहा।

# सीवरेज ठेकेदार ने फिर तोड़ी पाइपलाइन आपूर्ति प्रभावित, मेन राइजर पाइपलाइन डैमेज



**रीवा** । शहर में चल रहे सीवरेज प्रोजेक्ट के काम के चलते गुरुवार को एक बार फिर पाइपलाइन टूट गई। इस बार पक्ष्य का बड़ा हिस्सा टूटा है, जिसकी मरम्मत में समय लगेगा। शहर के समान में मुख्य मार्ग में मेन राइज़र पाइपलाइन तोड़े जाने की वजह से कई प्रमुख टकियां नहीं भर पाएंगी। सीवर लाइन के लिए चल रही खुदाई में करीब 20 फीट से अधिक हिस्से की पाइप पूरी तरह से अलग हो गई, जिससे पाइप का पानी निकलने लगा और सीवरेज का काम भी प्रभावित हुआ। कुछ ही देर में पूरा परिसर पानी से भर गया। इस बार भी सीवरेज के ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। जिस पैमाने पर पाइपलाइन का नुकसान हुआ है, उसकी मरम्मत का कार्य भी एक दिन में पूरा होने की संभावना नहीं है। यदि समय पर मरम्मत कार्य पूरा नहीं हुआ तो शनिवार को भी पानी की सप्लाई वाधित रह सकती है। पाइपलाइन टूटने की सूचना पर नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। देर रात से मरम्मत कार्य शुरू भी कर दिया गया है। कुठुलिया वाटर फिल्टर प्लांट पानी बंद कर दिया गया है। वही समान में जिस स्थान पर पाइपलाइन टूटी है, उससे रतहरा, समान एवं नेहरू नगर की प्रमुख टंकियां भरी जाती हैं। इन टंकियों के नहीं भरे जाने की स्थिति में तीन वार्डों के करीब 15 से अधिक मोहल्लों में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। कुदुलिया, कोठी, अस्पताल, पीटीएस, पडरा. विंध्य विहार, पद्मधर कॉलोनी, शांति विहार और दीनदयाल धाम आदि क्षेत्रों की प्रमुख टंकियां भी कम मात्रा में भर पाएंगी। जिसके चलते टंकियों के आसपास के मोहल्लों में तो पानी पहुंचेगा लेकिन दूर के मोहल्लों में आशिक रूप से ही सप्लाई होगी।

# पॉक्सो व एससी-एसटी एक्ट के गंभीर आरोपों से दिवाकर हुए दोषमुक्त विशेष न्यायालय पॉक्सो ने सुनाया फैसला



**रीवा।** विशेष न्यायालय पॉक्सो ने लौर थाने में दर्ज एक गंभीर प्रकरण में आरोपी दिवाकर पटेल को एसटी-एससी एक्ट, पॉक्सो एक्ट और बीएनएस एक्ट के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा, जिसके चलते आरोपी को बरी किया जाता है। थाना लौर अंतर्गत रहने वाली एक अनुसूचित जाति की नाबालिग पीड़िता ने 16 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप था कि जब वह अपनी बहन के ससुराल स्थित घर में मौजूद थी, तभी दोपहर करीब 1 बजे आरोपी दिवाकर पटेल घर में घुस आया और उसकी लज्जा भंग करते हुए अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले में एसटीएससी एक्ट, पॉक्सो एक्ट व बीएनएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान अभियोजन ने अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए 7 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, लेकिन अदालत की दृष्टि में ये साक्ष्य आरोपों को दृढ़ता से स्थापित नहीं कर सके। दूसरी ओर बचाव पक्ष की ओर से दिवाकर पटेल स्वयं बचाव साक्षी के रूप में पेश हुए। आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त हुआ। इस पूरे प्रकरण में आरोपी की ओर से अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) ने पैरवी की।


### किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये जागरूक किया गया

**रीवा** । कृषि विभाग के अधिकारियों ने क्योंटी एवं जवा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सह प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मिट्टी के नमूनों का संकलन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन अन्तर्गत बीज वितरण तथा कृषि पर्यटन आधारित कामर्शियल खेती के संबंध में किसानों को समझाइश दी गई। राष्ट्रीय मिशन प्राकृतिक खेती के तहत किसानों को सब्जी उत्पादन के लिये भी प्रेरित किया गया



# मऊगंज कलेक्टर ने उपयंत्री प्रवीण पाण्डेय की सेवाएं तत्काल प्रभाव से किया समाप्त

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशानुसार जारी आदेश के अनुसार,उपयंत्री प्रवीण पाण्डेय पर कर्तव्यहीनता, लापरवाही और न्यायालयीन निर्देशों की अनुपालन न करने जैसे गंभीर आरोप सिद्ध पाए गए, जिसके बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार, वर्ष 2008 में प्रवीण पाण्डेय को उपयंत्री (संविदा) के पद पर राष्ट्रीय एवं संविदा उपयंत्रियों की नियुक्ति के तहत सेवा प्रदान की गई थी। हाल ही में शिक्षा विभाग के अंतर्गत दैनिक शिक्षण गतिविधियों से जुड़े एक समाचार ने विभाग का ध्यान उनकी कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित किया। मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब अधिकारियों को ज्ञात हुआ कि न्यायालयीन आदेशों के बावजूद प्रवीण पाण्डेय ने समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की और न्यायालयीन चुनौतियों से जुड़े विषयों में गलत या अपूर्ण जानकारी भेजी।कलेक्टर कार्यालय ने स्पष्ट किया कि 25 नवंबर को स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन 27 नवंबर की अंतिम तिथि तक प्राप्त हुआ जवाब असंतोषजनक पाया गया। यह भी बताया गया कि उन्होंने विभागीय नियमों, सेवा शर्तों और संविदा अनुबंध के अनुसार आवश्यक दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। इसके परिणामस्वरूप, मप्र राज्य शासन के विभागीय सेवा नियम 1965 की धारा 9(5) के तहत उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।जिला प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई न केवल विभागीय अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक थी, बल्कि यह संदेश देने के लिए भी कि न्यायालय या उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। आदेश के अनुसार, प्रवीण पाण्डेय के विरुद्ध आगे की सूचना संबंधित विभागों को भेज दी गई है।इस निर्णय के बाद शिक्षा विभाग में भी हलचल का माहौल है, क्योंकि लंबे समय से कई संविदा और नियमित कर्मचारी कार्यप्रणाली पर उठते सवालों को लेकर आलोचना झेल रहे थे।



कार्यालय कलेक्टर, जिला मऊगंज (म.प्र.)

//आदेश//

मऊगंज, दिनांक 27 नवम्बर 2025

[illegible]

पृ.क्र./2215/शिक्षा/स्था./2025

प्रतिलिपि :-

1. सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, भोपाल।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल।
3. आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा।
4. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल।
5. पुलिस अधीक्षक, जिला मऊगंज।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रीवा/मऊगंज।
7. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, रीवा संभाग,रीवा।
8. जिला शिक्षा अधिकारी जिला रीवा।
9. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र, रीवा/मऊगंज।
10. [illegible]

कलेक्टर
जिला - मऊगंज (म.प्र.)

जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर का यह कदम एक सख्त संदेश माना जा रहा है।मऊगंज जिला बनने के बाद पहली बार किसी तकनीकी पदाधिकारी पर इतनी कड़ी कार्रवाई की गई है, जिसे प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन व्याख्यानमाला एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन





**मऊगंज।** जिले के देवतालाब मेसरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. महानन्द द्विवेदी के निर्देशन में व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन व्याख्यानमाला तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन दोनों कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक व्यावसायिक एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास को नई दिशा प्रदान की गई।स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता डॉ. कमलेश मिश्रा, डॉ. विकास पाठक, डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. रोहित तिवारी एवं डॉ. प्रमोद मिश्रा ने छात्रों को करियर निर्माण, भविष्य की चुनौतियाँ, व्यक्तित्व विकास और लक्ष्य निर्धारण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने कहा कि कठिन परिस्थितियाँ ही आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करती हैं और इन्हें सकारात्मक सोच व कठोर परिश्रम से सफलता में बदला जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं ने विशेषज्ञों से अपने करियर संबंधी प्रश्न पूछकर समाधान प्राप्त किया। प्रमुख रूप से हर्षित पाण्डेय, व्यंकटेश कुमार तिवारी, साक्षी दुबे, शिवानी दुबे, वर्षा शर्मा एवं विपिन सहित अनेक छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। व्याख्यानमाला में डॉ. पंकज मैत्रेय, डॉ. विपिन दुबे, डॉ. विपेंद्र द्विवेदी सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टीपीओ डॉ. नवीन शर्मा ने किया। एनएसएस पुरुष इकाई द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ लिया। रीवा/मऊगंज से आई मेडिकल टीम ने सभी प्रतिभागियों का शुगर, बीपी तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यकतानुसार दवाएँ वितरित कीं। टीम ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर भी जागरूक किया। शिविर के संचालन में चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुदीप कुमार तिवारी एवं उनकी पूरी मेडिकल टीम सक्रिय रही।कार्यक्रम में डॉ. दिवाकर, डॉ. लाल बहादुर तिवारी, डॉ. प्रभा त्रिपाठी, डॉ. एस. के. पाल तथा कर्मचारियों में श्री कमलेश पाण्डेय एवं श्री मुनेश का सहयोग उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रजनीश त्रिपाठी द्वारा किया गया।महाविद्यालय में आयोजित इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रमों ने छात्रों में करियर जागरूकता, व्यक्तित्व संवर्धन और स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महाविद्यालय की प्रभावी और सराहनीय पहल को दर्शाते हैं।